संख्या-96/2024/।/792670/2024/71-2099/262/2021

प्रेषक,

कृतिका शर्मा,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान,
गोमतीनगर, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक-11-11-2024

विषयः-डा0रा0म0लो0आ0सं0 के हास्पिटल ब्लाक (पूर्व संयुक्त चिकित्सालय) में इमरजेन्सी ब्लाक, ब्लड बैंक, ओपीडी ब्लाक, रेडियोलाजी ब्लाक, एम0आर0आई0 सेन्टर, गाइनो विंग, पैथोलाजी, आईसीयू एवं मेडिसिन डिस्ट्रीब्यूशन एरिया में सेन्ट्रल ए0सी0 कार्य हेतु अंतिम किश्त की अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-1485/डा0रा0म0लो0ई0मे0सा/वियुत/2024, दिनांक 25 सितम्बर, 2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में हास्पिटल ब्लाक (पूर्व संयुक्त चिकित्सालय) में इमरजेन्सी ब्लाक, ब्लड बैंक, ओपीडी ब्लाक, रेडियोलाजी ब्लाक, एम0आर0आई0 सेन्टर, गाइनो विंग, पैथोलाजी, आईसीयू एवं मेडिसिन डिस्ट्रीब्यूशन एरिया में सेन्ट्रल ए0सी0 कार्य हेतु अंतिम किश्त की अवशेष धनराशि रू0 64.66 लाख एवं वास्तविक जी0एस0टी0 की धनराशि रू0 29,40,891.00/- अर्थात कुल रू0 9406,891.00 अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उल्लेखनीय है प्रश्नगत परियोजना की शासनादेश दिनांक 17.03.2018 द्वारा धनराशि रू0 1305.07 लाख + जी0एस0टी0 नियमानुसार वास्तविकता के आधार पर देय की प्रशासकीय स्वीकृति निर्गत करते हुए विभिन्न शासनादेशों के माध्यम से धनराशि रू0 1240.41 लाख (परियोजना लागत का 95% धनराशि) अवमुक्त की जा चुकी है। अद्यतन 05 प्रतिशत धनराशि रू0 64.66 लाख अवशेष है।

3- अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में डा0रा0म0लो0आ0सं0 के हास्पिटल ब्लाक (पूर्व संयुक्त चिकित्सालय) में इमरजेन्सी ब्लाक, ब्लड बैंक, ओपीडी ब्लाक, रेडियोलाजी ब्लाक, एम0आर0आई0 सेन्टर, गाइनो विंग, पैथोलाजी, आईसीयू एवं मेडिसिन डिस्ट्रीब्यूशन एरिया में सेन्ट्रल ए0सी0 कार्य हेतु अंतिम किश्त की 05 प्रतिशत अवशेष धनराशि रू0 64.66 लाख (रूपये चौसठ लाख छाछठ हजार मात्र) (अनुदान संख्या-31 से रू0 5108000.00/- तथा अनुदान संख्या-83 से धनराशि रू0 1358000.00) को अवमुक्त किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैः-

(1) प्रायोजना की मूल प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के शासनादेश में उल्लिखित सुसंगत शर्त/प्रतिबन्ध यथावत रहेंगे।

(2) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231 /2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) निदेशक संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्नगत प्रायोजना हेतु पूर्व में अवमुक्त धनराशि का व्यय संतोषजनक रूप से कर लिया गया है एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य कराया गया है।

(4) धनराशि को कोषागार से वित्त अधिकारी, डा0 रा0म0लो0आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ द्वारा आहरित किया जायेगा तथा बिलो पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 51,08,000 (रुपये इक्यावन लाख आठ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20242025 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 031 लेखा शीर्षक 4210031050400 डा. राममनोहर लोहिया

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, गोमती नगर, लखनऊ मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 13,58,000 (रुपये तेरह लाख अट्ठावन हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20242025 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 4210037892800 डा0 राममनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइसेज, लखनऊ मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनाँक-04-मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(कृतिका शर्मा)
विशेष सचिव।

संख्या-96/2024/।/792670/2024/71-2099/262/2021, तद्दिनांकः-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
2) महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/प्रयागराज।
3) निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
4) नोडल अधिकारी, बजट आवंटन चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
5) महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन उ0प्र0 लखनऊ।
6) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7) वित्त अधिकारी, डा0 रा0म0लो0आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
8) वित्त ई-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
9) अधिशासी अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक इकाई), ग्लोबल सेल, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, इन्दिरा नगर लखनऊ।
10) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ल)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।